The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House re-assembled at two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL) 2016-17

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Supplementary Demands for Grants (General) 2016-17, Shri Arjun Ram Meghwal.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL): Sir, I lay on the Table, a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) 2016-17.

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश): सर, क्या माननीय मंत्री जी को मालूम है कि किस-किस चीज़ की डिमांड इन्होंने रखी है या इन्होंने केवल इसको lay कर दिया? ...**(व्यवधान)**...

श्री अर्जुन राम मेघवाल: सबको मालूम है। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: इन्होंने lay कर दिया है।

STATUTORY RESOLUTION AND GOVERNMENT BILLS*

Disapproving the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 4 of 2016);

The Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2016;

Disapproving the Dentists (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 5 of 2016); and The Dentists (Amendment) Bill, 2016

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Statutory Resolution disapproving the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 4 of 2016), the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2016, the Statutory Resolution disapproving the Dentists (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 5 of 2016), and the Dentists (Amendment) Bill, 2016, all together as per the decision. The time allotted is three hours, and we will strictly adhere to the time.

Now, Shri T. Subbarami Reddy to move the Resolution disapproving the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 4 of 2016).

SHRI T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to move both the Resolutions.

---

*Discused together.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please move the first one only. I have called you to move the first one only, that is, Resolution disapproving the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 4 of 2016).

SHRI T. SUBBARAMI REDDY: Sir, in the Business, both are listed together.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Listen to me. Both are to be discussed together but you have to move the first one, and, then the Bill will be moved. I will tell you the order. Please move the first one.

SHRI T. SUBBARAMI REDDY: Sir, I move:

"That this House disapproves the Indian Medical Council (Amendment) Ordinance, 2016 (No. 4 of 2016) promulgated by the President of India on 24th May, 2016."

Sir, I moved the Statutory Resolution disapproving the Ordinance as a matter of Parliamentary principle. The Indian Medical Council (Amendment) Ordinance was actually promulgated by the hon. President on 24th May, 2016. What I would like to say is that when the Monsoon Session was going to start in the month of July, I want the Minister to explain clearly as to what was the necessity for the Government to have this Ordinance issued. An Ordinance is supposed to be issued very, very precisely and distinctively. So, I want to seek an explanation from the Minister in this regard.

Sir, there is a Supreme Court judgement which was delivered in the last week of April, 2016. The Government sought clarifications from the Supreme Court and got the final decision on 3rd May, 2016. They could have formulated this legislation and come to the House in the Monsoon Session. I do not know why they opted for the Ordinance route. Let the Minister explain this. Sir, he has laid on the Table some explanations, which I am not convinced with.

Sir, I would also like to say that this Ordinance violates Articles 29 and 30 of the Constitution, which guarantee certain rights to religious and linguistic minorities. Private professional colleges like medical and engineering colleges which have been established under the minority category have their own right to decide their affairs. In this regard also, I want the Minister's explanation as to why it is violating Articles 29 and 30 of the Constitution.

Sir, this Bill provides power to Medical Council of India to frame regulations with regard to the (i) authority designated with the conduct of the exams, (ii) manner of conducting the exams, and (iii) specifying languages, other than English and Hindi, in which the examinations may be conducted. It is not spelt out as to which language is being included along with English and Hindi for examination. ...*(Time-bell rings)*...

Sir, why are you in a hurry? Three hours' time is there. I am the person who is moving this Resolution. I must get the opportunity to speak. We hardly get time to speak. Always other Members speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What are you saying?

DR. T. SUBBARAMI REDDY: You were looking at my face. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I allowed you to speak. What else do you want? But you take only three minutes.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: I will take one minute more now.

That is why I have moved an amendment that candidates should be allowed to answer in the languages included in the VIII Schedule of the Constitution. There is an apprehension in the minds of the people that the students who pass out with CBSE syllabus and ICSE syllabus are at an advantageous position and the students from the Southern region, with rural background will not have a level playing field. Many School Examination Boards are not the same as ISC or CBSE on whose syllabus NEET tests are being conducted.

Moreover, the Medical Council of India itself is reeked with a lot of controversies. Therefore, there should be provision for more transparency and fairness in the conduct of NEET examinations and there should be an expert body to oversee the conduct of the entrance test.

Then, recently, it appeared in the newspapers that a committee, headed by NITI Aayog Vice-Chairman, Arvind Panagariya, set up for recommending an overhaul of the Medical Council of India, suggested that it be replaced by a new regulatory body called Medical Education Commission, comprising eminent working professionals in the field of health, including from the private sector. Therefore, I want to know about this proposal as to what extent it has been considered. Even the Parliamentary Standing Committee in March, 2016, which submitted its report to Parliament, called for radical reforms in the Medical Council of India.

So, the hon. Minister may please clarify all these points.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Jagat Prakash Nadda to move the motion for the Bill.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGAT PRAKASH NADDA): Sir, I rise to move:

[Shri Jagat Prakash Nadda]

"That the Bill further to amend the Indian Medical Council Act, 1956, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Subbarami Reddy ji, you can move the second Resolution.

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Sir, I beg to move:

"That this House disapproves the Dentists (Amendment) Ordinance, 2016 (No.5 of 2016) promulgated by the President of India on 24th May, 2016."

Here also, I would like to draw the attention of the hon. Minister that in the case of the Dental Council of India, which has been established by an Act of Parliament to administer dental education, dental profession and dental ethics is also not above controversy. There is a lot of demand for candidates to go for dental education all over the country due to its being a highly paying profession. Here also, the Government should see that more transparency and fairness is introduced in the conduct of examinations so that all deserving candidates get the admission.

Here again, I would like to know what was the necessity that in the month of May, you went for the President's approval. You could have waited for one-and-a-half months. In the month of July, the Monsoon Session was scheduled to be held. So, what was the necessity for this? I want to know this also.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Jagat Prakash Nadda to move the motion for consideration for the Dentists (Amendment) Bill, 2016.

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: Sir, I rise to move:

"That the Bill further to amend the Dentists Act, 1948, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The questions were proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, both the Resolutions have been moved and both the Bills have been moved. So, the House can now discuss all together, but voting will be separate. That's all. Now, Shri Narendra Budania.

श्री नरेन्द्र बुढानिया (राजस्थान): डिप्टी चेयरमैन साहब, आपने मुझे the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2016 तथा the Dentists (Amendment) Bill, 2016 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

सर, आज हम यह बिल इसलिए लेकर आए हैं, ताकि देश में होने वाले मेडिकल एग्जाम्स में एकरूपता आए। यह बहुत अच्छा निर्णय है, लेकिन यह निर्णय कोई आज की सोच नहीं है। जब यूपीए की गवर्नमेंट थी, तब इस पर सोचा गया था कि देश के अंदर अच्छे डॉक्टर्स पैदा हों, अच्छे डेंटिस्ट्स पैदा हों, उनकी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी हो।

इस प्रकार का वातावरण यूपीए गवर्नमेंट ने बनाया। उसके बाद मार्च, 2009 में एमसीआई ने एक एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया। उस एक्सपर्ट कमेटी ने सारी जानकारी लेने के बाद, सभी विशेषज्ञों की राय लेने के बाद जून, 2009 में वह रिपोर्ट पेश की। महोदय, 2010 में केन्द्र सरकार के approval के बाद जब यह NEET का exam पूरे देश मे समान रूप से लागू करने का निर्णय लिया जा रहा था, उसी वक्त सुप्रीम कोर्ट में यह विवाद चला गया और सुप्रीम कोर्ट ने उस वक्त उसके ऊपर रोक लगा दी। उसके बाद जब आपकी सरकार आयी और आपने यह निर्णय लिया कि पारदर्शिता लाने के लिए एक exam करने का जो यूपीए की गवर्नमेंट का निर्णय था, वह अच्छा था। आज आप यह बिल लेकर आए हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आपकी सोच बहुत बढ़िया है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारे देश में अच्छे डॉक्टर्स पैदा हों, अच्छे अस्पताल बनें, लोगों का अच्छा इलाज हो, सस्ता इलाज हो, उन्हें अच्छे तरीके से दवाइयां मिलें, लेकिन मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूं कि आज जो डॉक्टर्स हमारे देश में बन रहे हैं, मैं उनमें कोई कमी नहीं निकाल रहा हूं, लेकिन मैं विशेष तौर से कहना चाहता हूं कि जो private hospitals हैं, जो private medical colleges हैं, उनके अंदर जो भर्ती प्रक्रिया है, वह विचित्र प्रकार की है। आपने इसके माध्यम से कुछ रोकने की कोशिश जरूर की है। मैं private medical colleges के खिलाफ नहीं हूं, क्योंकि आज हमारे private medical colleges भी बहुत से अच्छे डॉक्टर्स निकालते हैं, देश को डॉक्टर्स देते हैं। कई बार देखने को मिला है कि सरकारी medical colleges में अच्छे टीचर्स नहीं हैं, पढ़ाने वाले नहीं है, प्रोफेसर्स नहीं है, एक्सपर्ट नहीं हैं, लेकिन private medical colleges में हैं। ऐसी-ऐसी मशीनें हैं जो हमारे government medical colleges में नहीं हैं और private medical colleges में हैं। मैं यह भी मानता हूं कि एक मेडिकल कॉलेज खोलने में ढाई सौ करोड़ से लेकर तीन सौ करोड़ रुपए तक लगते हैं। जब इतना पैसा वे मेडिकल कॉलेज खोलने में लगाते हैं तो निश्चित रूप से उस पैसे को निकालने की भी कोशिश करते हैं। मंत्री जी, एक स्तर तक वे उस पैसे को निकालते हैं तो बात समझ में आती है, लेकिन लोगों से करोड़ों रुपए ले लिए जाते हैं, यानी दो-दो करोड़ रुपए तक पहुंच जाते हैं, ढाई-ढाई, तीन-तीन करोड़ रुपए तक पहुंच जाते हैं और उसके बाद वहां पर उनकी भर्ती करते हैं और वे डॉक्टर्स पैदा करते हैं। जो लोग डॉक्टरी में प्रवेश लेते हैं, वे इस लाइन के होते ही नहीं हैं, लेकिन चूंकि उनके पास पैसा होता है, इसलिए वे अपने बच्चों को सेट करने के लिए medical college में प्रवेश करवा देते हैं। उसके बाद वहां से जो लोग डॉक्टर बनकर निकलते हैं, वे क्या करेंगे? उपसभापति महोदय, हम डॉक्टर को भगवान मानते हैं, उन पर बड़ा विश्वास करते हैं कि वे भगवान के बराबर हैं, लेकिन जो लोग...

श्री उपसभापतिः भगवान के बराबर कोई नहीं है।

श्री नरेन्द्र बुढानियाः उन्हें भगवान के बराबर मानते हैं। जब operation theatre में जाते हैं तो यह कहते हैं कि यही हमारे लिए भगवान हैं, लेकिन वे डॉक्टर्स, जो पैसा देकर इस प्रकार से भर्ती होकर आते हैं, तो क्या जो हम उन्हें भगवान मानते हैं, उनके ऊपर से विश्वास नहीं टूटेगा? निश्चित रूप से टूटेगा। यह भी देखने को मिला है...

एक माननीय सदस्यः उनका भगवान पैसा होता है।

श्री नरेन्द्र बुढानियाः आपने बिल्कुल सही कहा, उनका भगवान पैसा होता है। अब वे लोग डॉक्टर बनकर आ जाते हैं, पैसा उनके पास होता है, डॉक्टर बनने के बाद वे सीधा private hospital खोलते हैं। अपना प्राइवेट अस्पताल खोलकर, जो पैसा उन्होंने भर्ती होने में दिया है, जो पैसा दिया है, उस पैसे को वे गरीब जनता से निकालते हैं। आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, वे ऐसी-ऐसी दवाइयां लिखते हैं, जिनकी मरीज को आवश्यकता नहीं है। वे बहुत महंगी दवाइयां लिखते हैं और उन दवाइयों की कोई आवश्यकता नहीं है।

डिप्टी चेयरमैन सर, मेरा class fellow एक डॉक्टर है। उसके घर के सामने एक मेडिकल स्टोर की दुकान खुली है। मुझे पता लगा कि वह मेडिकल स्टोर वाला उसको एक लाख रुपये महीना देता है। मैंने पता लगवाया कि यह एक लाख रुपये महीना किस बात का देता है, तो पता लगा कि डॉक्टर वही दवाई लिखता है, जो उस मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध है, वह वही दवाई लिखता है जिसके ऊपर उसको ज्यदा मार्जिन मिलता है। आज स्वतंत्र भारत के अंदर भी लोग इस तरह की बात सोचते हैं। हम लोग इस प्रकार की व्यवस्था में रहते हैं। आज हमको इसके बारे में सोचना पड़ेगा, आज हम सब को मिलकर सोचना पड़ेगा कि कम से कम ऐसे प्रोफेशन को जो पवित्र माना जाता है, इसको और पवित्र करने की आवश्यकता है। यदि हम इसको पवित्र नहीं करेंगे, तो मैं सोचता हूं कि लोगों का विश्वास हमारे ऊपर से उठ जाएगा।

मैं आपके पड़ोस की स्टेट की एक खबर पढ़ रहा था। देहरादून में एक व्यक्ति अपनी मां को इलाज के लिए अस्पताल में लेकर गया। वहां पर उसकी मां को भर्ती कर लिया गया, थोड़ी देर बाद उसने डॉक्टर से कहा कि मुझे सांस लेने में थोड़ी दिक्कत आ रही है, तो उसको चैक करने के बाद डॉक्टर ने कहा कि आपको आईसीयू में भर्ती करना पड़ेगा। मां के साथ-साथ उसे भी आईसीयू में भर्ती कर लिया। दो दिन आईसीयू में रखने के बाद उसे बताया गया कि आपको टी.बी. है। फिर टी.बी. के लिए उसका इलाज शुरू कर दिया। वह कैसे किसी प्रकार से अस्पताल से निकल कर बाहर आया और बाहर आकर उसने जांच कराई, तो पता लगा कि उसे किसी प्रकार की टी.बी. नहीं है। आप देखिए कि किस प्रकार से लूट मच रही है।

हमारे नरेश भाई फार्मासुटिकल पर एक शॉर्ट डिस्कशन लेकर आए थे, उसमें मैंने भी भाग लिया था। उस समय भी मैंने कहा था कि हम प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ नहीं हैं, हम बिल्कुल भी खिलाफ नहीं हैं, लेकिन वे जो लूट मचा रहे हैं, उसके खिलाफ हैं। आज जो लूट मचाने का लाइसेंस वे ले रहे हैं, हम उसके खिलाफ हैं। वे मरे हुए व्यक्ति को भी अस्पताल में एडमिट कर लेते हैं। अगर 100 रुपये का भी हिसाब बाकी रह जाता है, तो उसको बिना जमा कराए डेड बॉडी भी नहीं मिलती है। देखिए, यह कैसी विडम्बना है।

माननीय मंत्री जी, आप मेडिकल के ढांचे को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, इसके लिए ईश्वर आपको शक्ति दे। जो लोग इस प्रोफेशन को अपवित्र कर रहे हैं, उसके लिए ईश्वर आपको ताकत दे कि आप हमारे इस पवित्र प्रोफेशन को पवित्र बनाएं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप जो अमेंडमेंट लेकर आए हैं, वे यूपीए के शासन में आए थे, अगर सुप्रीम कोर्ट रोक नहीं लगाता, तो 2010 में ही ये

लागू हो जाता। इतने लम्बे समय के बाद आप फिर से इसको लेकर आए हैं, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं और मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदय, इंडियन मेडिकल काउंसिल (अमेंडमेंट) बिल, 2016 और डेंटिस्ट्स (अमेंडमेंट) बिल, 2016 पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इंडियन मेडिकल काउंसिल ऐक्ट, 1956 और डेंटिस्ट्स ऐक्ट, 1948 को संशोधित करने वाला कानून लाने के लिए मैं देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को और भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

उपसभापति महोदय, मेडिकल में प्रवेश के लिए छात्रों को देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कई प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना पड़ता है। इस विधेयक से सर्वाधिक लाभ उन छात्रों को होगा और उसके तीन उद्देश्य मुख्य रूप से थे। जो multiplicity of examination होता है, वह न हो और यह NEET पूरी तरह से fair and transparent हो तथा किसी का exploitation न हो, इन तीन उद्देश्यों को लेकर इस विधेयक को लाने की कोशिश की गई है।

महोदय, छात्रों को मेडिकल में प्रवेशन के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर कई तरह की प्रवेश परीक्षाएं देनी पड़ती थीं और उन्हें मानसिक, शारीरिंक एव वित्तीय कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता था। वहीं प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों पर प्रवेश परीक्षाओं में धांधली के एक नहीं अनेक आरोप लगते थे। इन सारी चीजों को देखने के बाद एक कॉमन प्रवेश परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया। यही इन सब समस्याओं का समाधान है, इसलिए इस विधेयक में संशोधन की बात की गई। क्योंकि देश में छात्रों की समस्या का समाधान होना चाहिए, छात्रों की परेशानी न हो, उनको मानसिक, शारीरिक और आर्थिक संकट से भी उबारने की बात होनी चाहिए। इस संदर्भ में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थाई समिति ने अपनी 92वीं रिपोर्ट में बहुत सारे सुझाव दिए थे। उन सुझावों के जो उद्देश्य थे, उनके लिए सरकार द्वारा 24 मई, 2016 को इंडियन मेडिकल काउंसिंल (सशोधन) अध्यादेश 2016 एवं डेंटिंस्ट्स (सशोधन) अध्यादेश, 2016 लगाया गया था। यह इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट, 1956 एवं डेंटिस्ट्स एक्ट, 1948 का संशोधन है। इस अध्यादेश को संसद के सत्र शुरू होते ही "मेडिकल काउंसिंल (सशोधन) विधेयक, 2016 एवं डेंटिस्ट (संशोधन) विधेयक, 2016" के रूप में संसद के पटल पर रखा गया। नए कानून के अनुसार अब स्नातक और परास्नातक मेडिकल एडमिशन के लिए पूरे देश में एक uniform exam होगा। इसकी जरूरत लगातार लग रही थी और इसकी अनुशंसा उस 92वीं रिपोर्ट में दी गई है। इस अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा का नाम NEET रखा गया। चूंकि तमिलनाडु और पुडुचेरी में बारहवीं अंक के आधार पर नामांकन होता है, अतः इन राज्यों को केवल मेडिकल स्नातक में प्रवेश के लिए इस वर्ष के लिए रियायत दी गई है।

NEET की मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पारदर्शिता होगी। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि पारदर्शिता और धांधली की अनेक शिकायतें आती थीं, इसलिए NEET Exam के माध्यम से पूरी तरह से पारदर्शिता दिखेगी और हम सबको यह लगेगा कि यह fair exam हुआ है, इसमें कोई धांधली नहीं हुई है और हम सब इस आरोप से बचेंगे। कई प्रवेश परीक्षाओं से छात्रों को एक exam, दो exam, State के exam तथा कई तरह के exam देने पड़ते थे। इनसे छात्रों को उन exams से मुक्ति मिलेगी और

[श्री प्रभात झा]

उनको सिर्फ एक exam ही देना पड़ेगा। परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न अदालतों में चलने वाले मामलों में भी एक नहीं अनेक कमियां आएंगी। यदि लगता कोई चिंता का मामला हुआ, तो अदालत में चले गए, इन सब मामलों से मुक्ति का सिर्फ यही एक रास्ता था और उसका समाधान भी यही था। मेडिकल में दोषपूर्ण मूल्यांकन प्रक्रिया से अयोग्य/अनुपयुक्त छात्रों के चयन पर प्रतिबंध लगेगा। जो अनेक आरोप लगते थे कि नम्बर बढ़ाए गए, इनका मूल्यांकन गलत किया गया है, इन सारी चीज़ों व ऐसी अनेक बातों का ध्यान रखते हुए, इस विधेयक में संशोधन किया गया है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा के स्तर पर सुधार हो, ताकि लोगों में विश्वास पैदा हो। जैसी डॉक्टर्स के बारे में पचासों बातें होती हैं, वे बातें न हों, इसलिए भी यह संशोधन बहुत जरूरी है। प्रवेश परीक्षा अपेक्षाकृत merit पर आधारित हो, इस बात का भी इसमें ध्यान रखा गया है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों द्वारा ली जाने वाली capitation fees में कमी आए, इसकी भी कोशिश की गई है। कुछ आशंकाएं हैं, जिनका विवरण अनिवार्य है।

अखिल भारतीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा (NEET) किसी राज्य की आरक्षण नीति को प्रभावित नहीं करेगी। इस पर लोगों ने बहुत तरह से गुमराह करने की कोशिश की है, लेकिन इसमें बहुत स्पष्टता है। NEET की तरह राज्य कमेटीज़ द्वारा निर्धारित fee structure तथा विभिन्न प्रकार के कोटे के तहत निर्धारित सीट में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा ओबीसी के छात्रों को नामांकन में सुविधा और रियायत के पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। NEET से राज्य के 85 प्रतिशत एवं अखिल भारतीय के 15 प्रतिशत निर्धारित कोटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। राज्य अपने कोटे के तहत मेडिकल केंडिडेट्स का चयन करने के लिंए स्वतत्र होंगे। जहां तक परीक्षा के माध्यम का प्रश्न है, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों से इस बारे में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है कि विगत तीन वर्षों के दौरान किन-किन भाषाओं में कितने छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी है। साथ ही बताएं कि किस आधार पर परीक्षा के भाषा माध्यम में भी संबंधित समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा और विचार किया जाएगा। जहां तक सिलैबस संबंधी आशंका का प्रश्न है, बहुत सारे लोगों ने इस पर चिंता व्यक्त की है, इस का भी निराकरण कर दिया गया है। मेडिकल काउंसिल, प्रवेश परीक्षा नहीं लेगी, सीबीएसई द्वारा मेडिकल स्नातक की परीक्षा ली जाएगी, जिस में केन्द्र एवं राज्य के बोर्ड - सभी को सिलैबल को समाहित किया जाएगा। इंडियन मेडिकल काउंसिल संशोधन विधेयक, 2016 एवं डेंटिस्ट्स संशोधन विधेयक, 2016 को 19 जुलाई, 2016 को लोक सभा द्वारा पारित किया गया है।

महोदय मैं "नीट" का पूरा समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि मेडिकल काउंसिल विधेयक, 2016 एवं डेंटिस्ट्स संशोधन विधेयक, 2016 को राज्य सभा द्वारा एकमत से पारित किया जाएगा।

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, मैं बिल के समर्थन में खड़ा हूं, लेकिन मंत्री से पूछना चाहता हूं कि यह खाली एक साल के लिए है और अगर हम इसे turn down कर देंगे, तो सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था लागू हो जाएगी। एक साल बाद फिर भी आप इसे पास कराएंगे, तो एक साल बाद फिर वही व्यवस्था लागू होगी जोकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। आप इसे एक साल के लिए इस कारण लाए क्योंकि आधे से ज्यादा राज्यों ने इस का विरोध किया। महोदय, 16 राज्यों ने इस

का विरोध किया और 15 राज्यों ने समर्थन किया है, फिर एक साल बाद इन के विरोध और पक्ष का क्या होगा? महोदय, राज्यों को आशंका है कि "नीट" लागू होने के बाद क्या होगा? बहुत से राज्य इस के खिलाफ नहीं थे, लेकिन बहुत से राज्यों द्वारा इस बात का विरोध किया गया कि उनकी क्षेत्रीय भाषा में पढ़े लोग क्या "नीट" परीक्षा qualify कर पाएंगे? हमारा उसमें आरक्षण रहेगा या नहीं रहेगा? स्टेट की थ्योरी उस में होगी या नहीं होगी? मैं आपसे पूछूंगा कि आपने प्राइवेट मेडिकल कॉलेजेज़ को क्यों छोड़ दिया? आपको अगर "नीट" का बिल लाना था, तो बिल में सिर्फ सरकारी कॉलेजेज़ को ही क्यों लाए, सभी कॉलेजेज़ क्यों नहीं लाए? आप प्राइवेट यूनिवर्सिटीज़, प्राइवेट मेडिकल कॉलेजेज़ -इन सब को ले आते?

महोदय, "नीट" कोई नया नहीं है। मुझे याद है 2002 में श्री केतन देसाई एमसीआई के चेयरमैन थे, उस समय "नीट" रिंकमड की गयी थी। उस समय सरकार उसे रोके रही। उनके यहां रेड वगैरह हुई, बाद में permission दे दी गयी। उसका प्रचार-प्रसार भी हुआ। उनके यहां बहुत सोना, चांदी निकला, लेकिन कुछ नहीं निकला और सीबीआई ने क्लोज़र रिपोर्ट दे दी। उस समय नर्सिंग काउंसिल के यहां भी रेड हुई थी, लेकिन उस समय नर्सिंग काउंसिल पर मुकदमा चलाने की sanction नहीं दी गयी, लेकिन एमसीआई के बारे में दी गयी। अभी यह प्रचार चल रहा है कि नीति आयोग एक रिपोर्ट दे रहा है, जिसमें वह कहता है कि एमसीआई को चार हिस्सों में बांट दिया जाए - एक यू0जी0 देखे, एक पी0जी0 देखे, एक admission देखे और एक ethics देखे। अब एक मेडिकल कॉलेज यू0जी0 का अच्छा, पी0जी0 का खराब, Ethics कहेगा कि इसे ban कर दो, तो यह experiment पहले भी हो चुका है। कांग्रेस के शासनकाल में एमसीआई भंग की गयी थी और 3 चेयरमैन बनाए गए थे, लेकिन वह experiment क्यों फेल हुआ और आपको फिर से एमसीआई गठित करनी पड़ी? मैं तो आप से कहता हूं कि आप एमसीआई को क्यों दोष देते हो? एमसीआई एक्ट में सारी पॉवर्स सरकार को हैं। अब सरकार उसे लागू करे या न करे। आप एमसीआई एक्ट देख लीजिए, उसके गठन से लेकर मेडिकल कॉलेजेज की मान्यता, मान्यता वापस लेना, पी0जी0 कमेटी बनाना, जिसमें आप 6 नॉमिनेट करेंगे और 3 इलैक्शन के माध्यम से आएंगे। इस तरह पी0जी0 कमेटी पूरी आपके हाथ में है और पीजी की सीट्स रिंकमड नहीं हो रही हैं। अभी प्रभात झा जी बोल रहे थे। सब लोग निजी मेडिकल कॉलेजेज को दोषी बना देते हैं, लेकिन आज भी आपके पास 20 लाख डॉक्टर्स की कमी है। अगर निजी क्षेत्र के medical colleges नहीं होते, तो शायद आपके पास डाक्टर्स भी नहीं होते। आज medical colleges की जो संख्या है, उस संख्या में देखें तो 412 में से 224 private colleges हैं और 188 सरकारी colleges हैं। प्रभात झा जी कह रहे थे कि private medical colleges ऐसे हो रहे हैं, वे तो ऐसे बोल रहे थे, जैसे मंत्री जी बोल रहे हों। एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज कितना रुपया इनवेस्ट करता है? सरकारी मेडिकल कॉलेज में तो आप सरकार से सारी सब्सिडी दे देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज कितना रुपया खर्च करते हैं? आपने उनको अधिकार क्या दिया, ये अपनी फीस तक फ़िक्स नहीं कर सकते हैं, क्योंकि आपने फ़ीस कमेटी बना दी है। अगर आप मेडिकल क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको कहीं न कहीं निजी क्षेत्र पर भी ध्यान देना पड़ेगा। इस साल एमसीआई ने टोटल 51 medical colleges दिए हैं। इनमें से 30 colleges गवर्नमेंट के हैं और 21 colleges निजी क्षेत्र के हैं। हम तो कहते हैं कि आप निजी क्षेत्र क्या, पूरे medical colleges से जो लड़के पास हों, उनसे एक एग्जिट एग्जाम भी ले लीजिए। क्या बुराई है? एग्जिट एग्जाम के लिए कोई मना तो नहीं करता है।

[श्री नरेश अग्रवाल]

आप एग्जिट एग्जाम कंपल्सरी कर दीजिए। इससे यह होगा कि आपको जो एक आशंका है कि कहीं क्वालिटी खराब न हो जाए, वह दूर हो जाएगी। जब रशिया या चीन से जो बच्चे डॉक्टरी पास करके आते हैं, एमसीआई उनका टेस्ट लेती है, तब आप यह टेस्ट यहाँ पर भी लागू कयों नहीं करते हैं? राम गोपाल जी बैठे हैं, इनकी कमेटी ने नीट को भी रिकमेंड किया था और एग्जिट एग्जाम को भी रिकमेंड किया था। ये बैठे हुए हैं। आप कमेटी की रिपोर्ट को क्यों नहीं मान लेते हैं? ...**(व्यवधान)**... वह नीति आयोग चली गई है। मैं आपसे यह कहूंगा कि मेडिकल के क्षेत्र में बहुत ज्यादा एक्सपेरिमेंट्स करने की जरूरत नहीं है। मैं तो आपसे यह भी कहता हूं कि उस समय, जब कांग्रेस सरकार के समय में प्रपोजल आया था कि ग्रामीण मेडिकल एजुकेशन और शहरी मेडिकल एजुकेशन में अंतर कर दिया जाए, रूरल मेडिकल एजुकेशन का कोर्स चार साल का कर दिया जाए और शहरी मेडिकल एजुकेशन का पाँच साल का कर दिया जाए, उसको देखिएगा।

अभी भी यह स्थिति है कि जो डॉक्टर्स पास होते हैं, वे ग्रामीण अंचल में नहीं जाते हैं। ग्रामीण अंचल में मेडिकल का हाल बहुत खराब है। पीएचसी, सीएचसी या आपके प्राथमिक केंद्र हों, कोई डॉक्टर वहाँ जाना पसंद ही नहीं करता है। एक तरीके से सीएमओज़ की तो कमाई का धंधा हो गया है। आप या तो इसको कंपल्सरी कीजिए कि जो डॉक्टरी पास करेगा, वह पाँच साल तक गाँव में सेवा करेगा, यदि नहीं करेगा, तो एमसीआई उसको सर्टिफिकेट नहीं देगी, या यह कर दीजिए, तभी लोग गाँव में सेवा करेंगे।

महोदय, सबसे ज्यादा आबादी गाँव की है। ठीक है, आप कह रहे थे कि 2020 में पचास परसेंट आबादी शहरी हो जाएगी, लेकिन अभी भी गाँव की मेडिकल की जो हालत है, ऐसी है कि जो क्वैक्स होते हैं, उन्हें कुछ पता नहीं है, वे बेचारे ही गाँव की पूरी मेडिकल व्यवस्था चला रहे हैं। आप हैरान होंगे कि किस तरीके से गाँव के लोग जिंदा हैं? किसी के इंजेक्शन लगा देते हैं, मालूम पड़ा इंजेक्शन लगाना मालूम नहीं था, फोड़ा बन गया, हाथ काटना पड़ रहा है। यह हमारी गाँव की medical assistance, मेडिकल सहायता है। आप इस क्षेत्र को क्यों नहीं देखते हैं? आप इन सब बुराइयों से लड़ने के लिए बोल्ड हो जाइए। इसमें क्या दिक्कत है?

साउथ के एक सदस्य श्री रामदास जी थे - ठीक है, वैसे न बनिएगा, लेकिन मैं कहता हूं कि उन्होंने समझा था कि मिनिस्टर होकर कैसे कंट्रोल किया जाता है। उन्होंने यह जाना था कि Medical Council और medical education को आगे बढ़ाना चाहिए। हमने तो आपसे कई बार कहा कि आप एक बोल्ड स्टेप लीजिए, हम सभी आपके साथ हैं। मैं तो इस बिल के लिए कहता हूं कि आप इसको परमानेंट क्यों नहीं करते हैं? क्या सारे आदेश न्यायालय के चलेंगे? सरकार के भी तो आदेश चलने दीजिए। एनजेएसी बना, एजेएसी चला गया, हम चुप होकर बैठ गए। आप इसमें भी एक साल बाद कह देंगे कि, "वही जो आदेश हुआ है, उसको लागू किया जाए।" फिर राज्य सरकारों का जो विरोध है, आप उसको कैसे पूरा करेंगे? आप इसको बता दीजिए कि आप इसको एक साल के लिए क्यों ला रहे हैं? आप इसको एक्सप्लेन कर दीजिएगा कि, why only for one year? आप क्यों नहीं, जो बिल बना हे, उस ऑर्डिनेंस को एक एक्ट में परिवर्तित करते हैं, इसको हरदम के लिए लागू करते हैं? ऐसी राज्यों की भी अपेक्षा है।

बहुत से राज्य हैं, जिन्होंने इसका विरोध किया है। साउथ के तमाम राज्यों ने इसका विरोध किया है। जैसा मुझे मालूम है, उन राज्यों ने कहा है कि हम इसको अपने यहाँ पर नहीं लागू होने देंगे। तमिलनाडु राज्य तो अभी भी कहता है कि हम इसको अपने यहाँ पर नहीं लागू होने देंगे। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जी कहती हैं कि हम अपनी स्टेट में नीट को बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं। यदि आप लागू करेंगे, हम तब भी लागू नहीं करेंगे। इस बात पर बहुत से राज्यों का stand बिल्कुल clear है। जब Union Public Service Commisison के exam की बात हो रही थी, जो इस हाउस में उठी थी, तब भी यह बात हुई थी कि reginal language का क्या होगा? Regional language नहीं, बल्कि इसको national language का क्या होगा? अगर आपने इस पर विचार नहीं किया है, तो आपको इस पर विचार करना पड़ेगा। मैं यह समझता हूँ कि आप जो रिजल्ट चाहते हैं, मैं बिल्कुल इसके पक्ष में नहीं हूँ कि आप MCI को विभाजित करें। MCI को विभाजित करने से आपको कोई फायदा नहीं होगा। आप उसे कंट्रोल कीजिए। घोड़े की सवारी में जब घुड़सवार अच्छा होता है, तो वह उसी हिसाब से चलता है। अगर आप अच्छे सवार हो जाएँगे, तो आप MCI से जो चाहेंगे, वह वही करेगी।

आज P.G. की सीटें कितनी कम हैं। आज कोई भी डॉक्टर MBBS के बाद बिना P.G. किए नहीं जाना चाहता, क्योंकि जब तक वह P.G. न कर ले, उसकी value नहीं रहती। लेकिन ratio क्या है? मंत्री जी, आप इतना ही बता दीजिएगा कि P.G. की कितनी सीटें हैं, प्रति वर्ष कितने डॉक्टर्स निकलते हैं और कितना ratio है? अगर आप P.G. सीट का ratio कुछ कम कर देंगे, तो जो शिकायतें आती हैं, वे भी बंद हो जाएँगी और डाक्टर्स P.G. करके तैयार हो जाएंगे। आपके बहुत से डॉक्टर्स यहाँ सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई करते हैं, आपसे सब्सिडी लेते हैं और डॉक्टर बनने के बाद तुरंत अमेरिका-इंग्लैंड चले जाते हैं। आप क्यों नहीं इस पर बंधन लगाते हैं कि जो यहाँ से पढ़ कर निकलेगा, उसे देश में इतने साल सेवा करनी पड़ेगी? हम सब्सिडी या एजुकेशन केवल इसलिए थोड़े ही न दे रहे हैं कि आप यहाँ पढ़ें और अमेरिका या लंदन चले जाएँ। अमेरिका में जितने भी विशेषज्ञ हैं, जितने भी अच्छे डॉक्टर्स हैं, सब हिन्दुस्तान के हैं। आप लंदन चले जाइए, वहाँ की पूरी medical facility Indian doctors के हाथों में है। अगर सब जगह Indian doctors ही हैं, तो आप उन्हें कम से कम हिन्दुस्तान में भी तो सेवा करने का अवसर दीजिए। इतना पैसा खर्च करके हम उन विशेषज्ञों के पास इलाज कराने जाएँ, इससे अच्छा है कि वे हिन्दुस्तान में इलाज करें, तो इलाज अच्छा होगा। इससे क्वालिटी भी मिलेगी और हम जो चाहते हैं, वह मिलेगा। मैं समझता हूँ कि आप हमारी इन बातों पर जरूर विचार करेंगे।

महोदय, अभी माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक कमिटी बना दी, जो MCI के ऊपर बैठेगी। तीन सदस्यों की एक कमिटी बनी। अब यह नहीं समझ में आ रहा है कि वह कमिटी मेडिकल कॉलेज चलाएगी या आपकी MCI मेडिकल कॉलेज चलाएगी। कमिटी ने MCI को एक आदेश जारी कर दिया कि बिना हमसे पूछे कोई decision नहीं होगा, जो भी decision होगा, उसको एक बार हमसे verify करा लिया जाए। तब तो यह parallel दो व्यवस्थाएँ हो गईं। अब अगर मेडिकल कॉलेज वाला कोई बात कहना चाहे, तो वह किससे कहेगा? वह MCI से कहे या कमिटी से कहे? इसलिए आप इसको भी स्पष्ट कर दीजिए कि किसके क्या-क्या rights हैं, किसके क्या-क्या अधिकार हैं, क्योंकि ऐसा न हो कि समानांतर व्यवस्था चलने लगे। इससे एजुकेशन क्षेत्र को कहीं न कहीं और नुकसान होगा। हम सबका उद्देश्य है कि यह क्षेत्र आगे बढ़े। मैं यह कहूंगा कि अगर आपको प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के बारे में यह आपत्ति है, यह ठीक है कि आप बहुत ज्यादा मेडिकल कॉलेज खोलना चाहते हैं, मैं भी चाहता हूँ कि

[श्री नरेश अग्रवाल]

अच्छी क्वालिटी और क्वांटिटी के ऊपर रोक न हो, लेकिन ऐसा न हो कि बहुत ज्यादा ऐसे कॉलेज खुल जाएँ, क्योंकि मेडिकल कॉलेजेज़ के सामने फैकल्टी की बहुत बड़ी प्रॉब्लम है। आप इन सब चीज़ों के ऊपर ध्यान दीजिए। मैं तो कहूँगा कि आप इस पर बैठक बुला लीजिए, बैठक करके इस पर राय ले लीजिए और उसके बाद कोई निर्णय ले लीजिए, तो आपको भी बहुत अच्छी राय मिल जाएगी और मेडिकल एजुकेशन के सेक्टर में जो कमियाँ हैं, वे कमियाँ दूर होंगी। इससे हिन्दुस्तान में जो 20 लाख डॉक्टर्स की कमी है, हम सब उस कमी को भी पूरा कर सकेंगे और हमें लगेगा कि आजादी के इतने वर्षों के बाद ...**(समय की घंटी)**... ग्रामीण अंचल का व्यक्ति जो चाहता है, वह हम उसको दे सकें और हम इस देश की सेवा कर सकें। मैं चाहूँगा कि आप इन चीज़ों पर ध्यान दें और अगर आप हमारी बातों का उत्तर दे देंगे, तो बहुत सी चीज़ें स्पष्ट हो जाएंगी। मैं फिर इस बिल का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Thank you, Mr. Deputy-Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on these Bills. I thank hon. Amma for giving me this opportunity to speak on these Bills. I will remain a loyal worker of AIADMK and a loyalist to Amma.

Sir, this is a very important amending Bill because our country, India, is a Union of States. Subject to correction, Federalism is a basic feature of our Constitution. Now, these amending Bills are violating the basic feature of our Constitution. This is my first and foremost humble submission. Sir, in Tamil Nadu, there is already an Act in force, which is called the Tamil Nadu Admission in Professional Educational Institutions Act, 2006. This Act was given effect after receiving the assent of the President under Article 254, Clause 2 of the Constitution. This Act was enacted to protect the interest of students, particularly from the weaker sections and rural areas. Sir, that Act came into force in Tamil Nadu after getting the assent of the hon. President under Article 254 (2) of the Constitution. Sir, in Tamil Nadu, a transparent and fair procedure is followed for admission to medical seats. What is the necessity to bring this amendment? Exercising power is one thing. But I want to know whether it is necessary to bring this amendment at this juncture. That is to be looked into.

Sir, I would also like to draw the kind attention of this august House to List 1, Entry 44. I may be wrong, List 1, Entry 44 says, "Incorporation, regulation and winding up of corporations, whether trading or not, with objects not confined to one State, but not including universities." So, by Entry 44 of List 1, the universities are not coming within the purview of the Union Government. This Parliament is lacking legislative competence to bring this amendment. Of course, the 42nd Constitution Amendment has brought the education subject, which was originally a State subject, to the Concurrent List. In the Concurrent List, List III, Entry 25, a later amendment is 42nd Amendment, which reads

as follows: "Education, including technical education, medical education and universities, subject to the provisions of Entries 63, 64, 65 and 66 of List I, vocational and technical training of labour." So, my humble submission is that there is a conflict between Entry 44 of List I and Entry 25 of List III. Sir, our senior Advocate, Shri Abhishek Manu Singhvi is present here, he knows better than me; he should kindly enlighten the House. The hon. Health Minister must examine this issue legally because, according to me, from a layman's point of view, there is a conflict between Entry 44 of List I and Entry 25 of List III. As per one of the entries, the Parliament is excluded from making any law.

Sir, my next submission is this. There is this Notification dated 21st December, 2010, whereas this Ordinance was issued on 24.5.2016. On the basis of this Notification, dated 21st December, 2010, the Supreme Court was going on giving directions. The NEET Examination was held only as per the Notification dated 21st December, 2010, but whereas on the date of this Notification, this amendment which is now sought to be brought in was not in existence. So, on the date of this Notification dated 21st December, 2010, there is no legislative backing. So, without any legislative backing, this Notification was issued, and it was also enforced, which is illegal and unconstitutional.

Sir, further, I would like to draw the kind attention of the House that in Tamil Nadu, tenth standard examinations and Plus two examinations are very, very popular. The students are working very hard. The poor students are studying very well and securing highest marks under the firm hope that they would get medical seats. Even this year, 12 poor students have been admitted in medical seats, but they were not able to pay their fees. Hon. Chief Minister, Amma has paid all their fees. Sir, two students were admitted in engineering seats in Anna University, who were not able to pay their fees. Hon. Chief Minister, Amma has paid their entire fees. Why do I bring this fact to the august House? In Tamil Nadu, the rural poor students are getting the benefit of this enactment. Now, if you bring in the entrance test called National Eligibility-cum-Entrance Test, then it will be arbitrary, unconstitutional, illegal and against public interest. There is no doubt about it. Because of the entrance test, only the coaching centres will flourish. The poor students can't make payment of ₹5 lakhs to ₹ 10 lakhs. Because of coaching centres, many poor students committed suicide in Rajasthan due to pressure to get more marks. They were all studying in very famous coaching centres.

One of the clauses reads as follows and it is very, very important: "All admissions to MBBS courses within the respective categories shall be based solely on marks obtained in the National Eligibility-cum-Entrance Test." So, the State Government examinations are of no use. They are only qualifying examinations. Their requirement is just to pass.

[Shri A. Navaneethakrishnan]

Whatever marks the candidate secures in NEET alone would be taken into account and admission given. If NEET can be enforced, then the Tamil Nadu Government can enforce the reservation policy. You are not showing any sympathy. We are not at the mercy of the Central Government. Getting reservation is our birthright. It is in practice. We are following it and it is in force. Because of this NEET, definitely, rural poor students will be affected. It is only for the elite students. Even the SCs/STs/OBCs will not at all get the benefit. The real, genuine and brilliant students will not get admissions in medical colleges. I very earnestly submit that because of this Amendment, only one year relaxation has been given, nothing more and nothing less. Only for this current academic year, they are not insisting upon it; that is all. But, the main provision is very clear—forever, NEET will be followed and NEET will be enforced.

Sir, NEET is based on the CBSE syllabus. The CBSE syllabus is not studied by the poor students of Tamil Nadu. They are all studying in Tamil medium. These poor students are studying in the State syllabus. How can the Central Government enforce the CBSE syllabus which is not taught universally in Tamil Nadu? How can it be the basis of conducting NEET in Tamil Nadu? This is against the principle of natural justice. It is arbitrary. You are spoiling the future of rural students, poor students. Kindly think over it. Please don't take it as a prestige issue. The Supreme Court, in the recent order giving directions to hold the NEET has stated: "It may, however, be clarified that by this order, hearing of petitions which are pending before this Court will not be affected." The other petitions pending before the Supreme Court for judicial adjudication will continue and, by this move, you are frustrating the judicial adjudication. Judicial review is one of the basic features of the Constitution. When the matter is pending for judicial adjudication before the competent Court of law, the Supreme Court, why should you bring in this Amendment? You are taking away the right of judicial review because of these two Bills.

My earnest, sincere and humble request to the Central Government is not to press for these two Amendment Bills. Don't enforce NEET as far as Tamil Nadu is concerned. Tamil Nadu is having a valid and fair procedure for admissions. Without any arbitration, a student can study in a medical college. There is no capitation fee. It is true that some private institutions are committing some mistakes, and for which there could be remedial steps. Don't penalize the poor, rural students of Tamil Nadu. Now, our hon. Chief Minister Amma stressed this point in the 11th meeting of the Centre-States Council held on 16.7.2016. As early as possible, education subject must be removed from the Concurrent List and it must be placed in the State List. For the time being, I humbly and earnestly

request the Central Government not to enforce NEET as far as Tamil Nadu is concerned. Thank you, Sir.

MS. DOLA SEN (West Bengal): Sir, I was elected as a Member of this House one year and four months ago. In the last 16 months I have put supplementary questions and also raised in Zero Hour submissions, Special Mentions, etc., but today, Sir, is a special day as I am making my maiden speech. I am happy I am making my maiden speech at this time and I want to dedicate my maiden speech to the historic victory of *Ma Mati Manush* in Bengal exactly two months ago. Thank you, Sir, for allowing me to deliver some points on the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2016 and the Dentists (Amendment) Bill, 2016. Health care in India is in abysmal state. The Centre's share of total public expenditure on health has fallen over the last two years and India spends less of its GDP on health than some of the world's poorest countries. Only 1.6 per cent of the Budget is allocated for the medical sector. The Working Group on Tertiary Care Institutions for the Twelfth Five Year Plan says, 'nearly one million Indians die every year due to inadequate health care facilities. Seven hundred million people have no access to specialist's care and 80 per cent of specialists are working in urban areas.' The Indian Medical Association estimates that 45 per cent of the Indian medical practitioners, i.e. 17 lakh doctors, are unqualified and lack in formal training. Another key reason for poor health of Indians is the high proportion of out-of-pocket expenditure on health because of low insurance coverage and weak public health systems, which forces even poor people to visit private medical practitioners, and drives up average health costs. High healthcare costs often lead people to delay treatment, aggravating health problems. Now, coming to the introduction of the Bill, the Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2016 and the Dentists (Amendment) Bill, 2016 provide a constitutional status to the National Eligibility-cum-Entrance Test (NEET) examination. Hon. Minister, Shri J. P. Nadda said there were three main objectives behind the move: End the multiplicity of examinations, have fair and transparent examinations and adopt non-exploitative process. Now, I would like to point out some problems with the implementation of the same. First, healthcare infrastructure. The basic medical infrastructure is woefully unequipped in our country to support the population. As per the World Health Organisation, in the ratio between patient and doctor, India is lagging far behind developed countries. This needs to be addressed first and foremost before looking ,at other areas of reform. Second, State Consultation. All States do not conduct their ten plus two examinations at the same time. So, the examination will have to be held at such a time when ten plus two examinations are over all across the country and the students can get about 2-3 months to prepare. Cooperative federalism demands extensive interaction between the Centre and States so that all issues

[Ms. Dola Sen]

can be discussed at length. Third, regional language. Only 18 per cent of the students in this country are getting the opportunity of studying in English and the rest are studying in their mother tongue or in their regional languages. The language for examination should include all the languages in the Eighth Schedule to the Constitution.

Coming to syllabus disparity, Sir, in many parts of the country schools do not follow the same syllabus as CBSE schools does. Thus, this would create a disparity among the students appearing for a national exam. So, if the standard is of the CBSE syllabus then rural students and students from poorer socio-economic backgrounds will be unable to compete with urban elite students in common entrance examination. The syllabus should be at par throughout the country.

Sir, there is a need for multiple exam centres. In West Bengal, we have multiple centres all over the State — in every district covering nearly all subdivisions so that students can easily sit for exam at centres closer to their homes. The Centre must consider having more than one centre in every subdivision across the country where they can go and appear for this examination.

Sir, the Seventh Schedule to the Constitution places education on the Concurrent List for a reason. It ensures that States can employ their resources judiciously. Thus, for cooperative federalism to be practiced, States must be considered as equal shareholders. So, their recommendations must be heeded.

The MCI, the apex body, is tasked with regulation, monitoring of medical education and practice in India has been in the news for all the wrong reasons. The Standing Committee on Health and Family Welfare, Chaired by Prof. Ram Gopal Yadav, submitted its Report on the MCI on 8th March, 2016. It observed various instances of irregularities and corruption. It further stated that it has become a club of influential medical practitioners who act without any fear of governance and regulations. Thus, the MCI cannot be given the charge to hold these examinations; a different body needs to be constituted which would ensure taking care of all the factors like regional language, number of examination centres, time of holding examination, domicile and uniform syllabus for the whole country.

I would like to add by presenting the current initiatives taken by the West Bengal Government in terms of access to healthcare which the Centre must take as an example. Such policies must be implemented at the Central level to ensure better health services to people.

I am proud to say that in West Bengal, when the hon. Mamata Banerjee has become the Chief Minister as well as Health Minister, in the last five years, 109 Fair Price Medicine Shops have been opened, which give a discount ranging from 48 per cent to 77.2 per cent. Through them, over 2 crore people have been able to save ₹ 585 crores. Free indoor treatment is available to everyone at Government hospitals. Simultaneously, all the patients admitted there are being provided with free medication. Moreover, prescriptions through generic names of medicines are a must in Government hospitals. The institutional delivery rate has increased from 68 per cent to 90 per cent in the last four years, thus reducing the Infant and Maternal Mortality Rate, with IMR coming down from 31 to 27. The women are being brought from their homes in State ambulance. And, after check up after delivery they are being sent home in those ambulances. Sir, West Bengal is the only State where, at the sub-district level, besides installing CCUs/HDUs, patients are also treated free of cost. Over the last four years, 27,000 new beds have been added to the hospitals. Sir, 1355 medical seats have been increased, as a result 2,900 to 3,000 doctors and 3100 nurses have been employed.

While summing up my points, I would like to say:

(1) A common entrance examination might be helpful to avoid irregularity and corruption, but some important issues are to be addressed before the implementation of that; (2) The health service and hospital is the responsibility of the States. So, the opinion of the State Government should be considered before any change is attempted on this issue, otherwise there might be injustice to the rural people; (3) The Government health system in States, like, West Bengal is very effective and strong to effectively cater to the needs of the rural and underprivileged people. The physicians should be well-acquainted with the regional language and culture of the treating patients to deliver effectively. Hence, the NEET should be conducted in all the regional languages, mentioned in Schedule Eighth of the Constitution. Eighty-five per cent seats should be reserved for the students in their State of domicile; (4) After obtaining the degree from a particular State, and utilizing the infrastructure, the graduate and post-graduate physicians should serve that State for, at least, five years, failing which they should be asked to deposit penalty to the Government of that State before leaving to other States/ countries; (5) There should be uniformity in the syllabus in all the boards across the country, at least, in the science subjects. The students should be given opportunity to prepare in the same syllabus from class XI onwards, before they are instructed to appear for the NEET, which is presently only the CBSE-based; There should be regulations to limit the tuition fees by the private medical colleges, otherwise they might increase their charges to compensate the capitation fees.

[Ms. Dola Sen]

